# साहस और दृढ़ संकल्प से चुनौतियों का सामना : पारनाईक

## सैनिक स्कूल पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 दिसम्बर, सैनिक स्कूल में विद्यालय के पुराछात्र, लेफ्टिनेंट जनरल के. टी. पारनाईक एवं अरूणाचल प्रदेश के राज्यपाल का आगमन हुआ.

विद्यालय परिसर का निरीक्षण करने के साथ पुरानी यादो को ताजा किया. विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के. टी. पारनाईक ने सर्वप्रथम सैनवा स्मारकपर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इसके उपरांत उन्होंने सम्पूर्ण



विद्यालय परिसर का सुविस्तृत भ्रमण एवं निरीक्षण किया. तत्पश्चात चाणक्य हॉल में आयोजित प्रस्तुति सत्र में कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य, सैनिक स्कूल रीवा द्वारा विद्यालय की विविध गतिविधियों, प्रगतिशील परियोजनाओं तथा प्रमुख उपलब्धियों के विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया.

मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए नेतृत्व, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति तथा उत्कृष्टता के सर्वोच्च मानकों को जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया. उन्होंने भविष्य की चुनौतियों का सामना साहस, दृढ़ संकल्प और दक्षता के साथ करने हेतु कैडेट्स को प्रेरित किया. उनके संबोधन के पश्चात आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में कैडेट्स ने गहन रुचि के साथ प्रश्न प्रस्तुत किए, जिनका मुख्य अतिथि ने विस्तृत एवं सारगर्भित उत्तर प्रदान किया. यह सत्र कैडेट्स के लिए अत्यंत प्रेरणादायक, प्रबोधक तथा उपयोगी सिद्ध हुआ.

### विद्यालय की हिन्दी पत्रिका का विमोचन

इसी क्रम में मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय की हिंदी पत्रिका का विमोचन किया गया. कार्यक्रम के समापन चरण में प्राचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया. इस अवसर पर श्रीमती नेहा रावल, स्क्वाड्रन लीडर त्रिलोक कुमार उपप्राचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे. इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अनघापार नाईक, प्रथम महिला, अरुणाचल प्रदेश, उपस्थित रही.

www.starsamachar.com
स्टार समाचार शुक्रवार, 5 दिसम्बर 2025



# अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ने कैडेट्स में भरी नई ऊर्जा

स्टार समाचार | रीवा

सैनिक स्कूल के लिए 4 दिसंबर का दिन अत्यंत गौरवमय और प्रेरणादायी रहा। विद्यालय के प्रतिष्ठित पुरा छात्र, लेफ्टिनेंट जनरल केटी पारनाईक, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, वाईएसएम (रिटायर्ड) राज्यपाल अरुणाचल प्रदेश का विद्यालय में ससम्मान आगमन हुआ।

मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम सैनवा स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत उन्होंने सम्पूर्ण विद्यालय परिसर का सुविस्तृत भ्रमण एवं निरीक्षण किया। तत्पश्चात चाणक्य हॉल में आयोजित प्रस्तुति सत्र में कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य, सैनिक स्कूल रीवा द्वारा विद्यालय की विविध गतिविधियों, प्रगतिशील परियोजनाओं तथा प्रमुख उपलब्धियों के विस्तृत विवरण से मुख्य अतिथि को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मानेकशा सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेट्स ने पुष्पगुच्छ अर्पित कर एवं स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि का ससम्मान अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए नेतृत्व, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति तथा उत्कृष्टता के सर्वोच्च मानकों को जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया। उन्होंने भविष्य की चुनौतियों का सामना साहस, दृढ़ संकल्प और दक्षता के साथ करने हेतु कैडेट्स को प्रेरित किया। उनके संबोधन के पश्चात आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में कैडेट्स ने गहन रुचि के साथ प्रश्न प्रस्तुत किए जिनका मुख्य अतिथि ने विस्तृत एवं सारगर्भित उत्तर प्रदान किया।

यह सत्र कैडेट्स के लिए अत्यंत प्रेरणादायक, प्रबोधक तथा उपयोगी सिद्ध हुआ। इसी क्रम में मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय की हिंदी पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के समापन चरण में प्राचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गयाए जिसके उपरांत राष्ट्रगान के साथ सभा का गरिमापूर्ण समापन हुआ। इस अवसर पर श्रीमती नेहा रावल, स्क्वाड्रन लीडर त्रिलोक कुमार, उपप्राचार्य, सम्मानित अतिथिगण, पुरा छात्रए समस्त शिक्षकगणए कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अनघापारनाईक, प्रथम महिला अरुणाचल प्रदेश उपस्थित रहीं।

## [संगम] सैनिक स्कूल रीवा में गौरव और प्रेरणा का संगम

# अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं पुरा छात्र के आगमन से कैडेट्स में नई ऊर्जा का संचार







स्वदेश संवाददाता ■ रीवा

सैनिक स्कूल रीवा के लिए 4 दिसंबर 2025 का दिन अत्यंत गौरवमय और प्रेरणादायी रहा। विद्यालय के प्रतिष्ठित पुराछात्र, लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, वाईएसएम(रिटायर्ड) महामहिम राज्यपाल अरुणाचल प्रदेश का विद्यालय में ससम्मान आगमन हुआ। मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम सैनवा स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत उन्होंने सम्पूर्ण विद्यालय परिसर का सुविस्तृत भ्रमण एवं निरीक्षण किया। तत्पश्चात चाणक्य हॉल में आयोजित प्रस्तुति सत्र में कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा द्वारा विद्यालय की विविध गतिविधियों,प्रगतिशील परियोजनाओं तथा प्रमुख उपलब्धियों के विस्तृत विवरण से मुख्य अतिथि को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मानेकशा सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट्स ने पुष्पगुच्छ अर्पित कर एवं स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि का ससम्मान अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए नेतृत्व, अनुशासन,राष्ट्रभक्ति तथा उत्कृष्टता के सर्वोच्च मानकों को जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया। उन्होंने भविष्य की चुनौतियों का सामना साहस,दृढ़ संकल्प और दक्षता के साथ करने हेतु कैडेट्स को प्रेरित किया। उनके संबोधन के पश्चात आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में कैडेट्स ने गहन रुचि के साथ प्रश्न प्रस्तुत किए जिनका मुख्य अतिथि ने विस्तृत एवं सारगर्भित उत्तर प्रदान किया। यह सत्र कैडेट्स के लिए अत्यंत प्रेरणादायक,प्रबोधक तथा उपयोगी सिद्ध हुआ।


इसी क्रम में मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय की हिंदी पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के समापन चरण में प्राचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसके उपरांत राष्ट्रगान के साथ सभा का गरिमापूर्ण समापन हुआ। इस अवसर पर श्रीमती नेहा रावल,स्क्वाड्रन लीडर त्रिलोक कुमार उपप्राचार्य,सम्मानित अतिथिगण,पुरा छात्र,समस्त शिक्षकगण,कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अनघा पारनाईक प्रथम महिला अरुणाचल प्रदेश उपस्थित रही।

**छात्रों से संवाद:** अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ने बतौर पूर्व छात्र सैनिक स्कूल का किया भ्रमण

# सफलता के शिखर तक पहुंचाती है मेहनत, अनुशासन और प्रेरणा: राज्यपाल पारनाइक

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रीवा.** अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी पारनाइक गुरुवार को सैनिक स्कूल रीवा के भ्रमण पर रहे। सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र रह चुके राज्यपाल ने यहां वर्तमान छात्रों से संवाद किया। राज्यपाल पारनाइक ने कहा, छात्र यदि मेहनत करेंगे, अनुशासित रहेंगे और प्रेरणा लेते रहेंगे तो आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। इस तरह से बढ़कर आगे की यात्रा आपकी और बेहतर होगी। सेना में काम करने के अनुभव साझा करते हुए पारनाइक ने कहा, भारत का उत्तरी कमांड पूरे विश्व में सबसे बड़ा है। यहां चीन, पाकिस्तान, उग्रवाद, आतंकवाद जैसी बड़ी समस्याएं भी हैं। पारनाइक ने कहा, सैनिक को जहां भी नई जगह भेजा जाता है, वहां कुछ नया सीखने को मिलता है। नए लोग मिलते हैं, नई रणनीति का पता चलता है। उन्होंने अधिक से अधिक छात्रों से सेना ज्वाइन करने का आह्वान करते हुए कहा, इस स्कूल से निकले छात्र देश की सेना के मुखिया बन सकते हैं तो आप भी बन सकते हैं, बस प्रयास करने की जरुरत है। पारनाइक ने कहा, छात्रों को जमकर कसरत करनी चाहिए। स्कूल में होने वाले खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। इससे आपका हुनर निखरता है। पारनाइक ने कहा, बच्चों में जब तक शरारत नहीं होगी, तब तक वह विकास नहीं करेगा। एल्युमनी किसी भी स्कूल का जरुरी हिस्सा होता है।





## स्कूल में बिताए दौर को किया याद

छात्रों से संवाद करते हुए राज्यपाल ने स्कूल में बिताए दौर को याद किया और जीवन में शिक्षकों की भूमिका के बारे में छात्रों को समझाया। छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी राज्यपाल ने दिए। संबोधन कार्यक्रम से पहले राज्यपाल ने सैनिक स्कूल का भ्रमण किया। विद्यालय के सैनवा स्मारक में पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। मंच से राज्यपाल ने विद्यालय की हिंदी पत्रिका का विमोचन किया। इस दौरान अनघा पारनाइक, प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल, नेहा रावल, स्क्वाड्रन लीडर त्रिलोक कुमार सहित अन्य शिक्षक व छात्रगण उपस्थित रहे।

## किला से लौटते समय ट्रैफिक जाम में फंसे राज्यपाल

रीवा किला से लौटते समय राज्यपाल का कारकेड ट्रैफिक जाम का शिकार हो गया। राज्यपाल का काफिला करीब 10 मिनट तक ट्रैफिक जाम में फंसा रहा। इस संकरे मार्ग में पुलिस ने पहले से ट्रैफिक कंट्रोल की कोई व्यवस्था नहीं बनाई, जिसके चलते यह नौबत बनी। फिर जैसे-तैसे पुलिस ने मशक्कत करवा कर जाम खुलवाया, तब उनका काफिला आगे बढ़ सका।


## गीतांजलि स्कूल के वार्षिक उत्सव में भी की शिरकत

**रीवा @ पत्रिका.** गीतांजलि पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल व भारतीय सेना के पूर्व लेफ्टिनेंट केटी पारनाइक रहे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में राज्यपाल पारनाइक ने कहा कि अगर प्रेरणा से ओत-प्रोत



झलक देखकर हम सभी सामाजिक लोग राजनीति से ऊपर उठकर तनिक मात्र भी अपने जीवन में, अपने समाज में, अपने बच्चों में संस्कार का संचार करते हैं तो देश नित नई ऊंचाईओं को छुएगा। स्कूल का बेस्ट छात्र प्रबल अवस्थी, अर्पित मिश्रा, नित्या सिंह परिहार को अर्जुन अवार्ड और प्रकाश तिवारी, अमित प्रजापति को सम्मानित किया। स्कूल संस्थापक शिव प्रसाद प्रधान ने राज्यपाल के साथ सैनिक स्कूल में पढ़ाई के समय बिताए पलों को याद करते हुए उन्हें ताजा कर दिया। इस दौरान अरुणा प्रधान, संचालक वरूण प्रधान, ऋतिका प्रधान सहित अन्य उपिस्थत रहे।

## किला परिसर में महामृत्युंजय भगवान के किए दर्शन



राज्यपाल पारनाइक गुरुवार को रीवा किला परिसर भी पहुंचे। पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया। किला पहुंचे राज्यपाल ने महामृत्युंजय मंदिर में दर्शन कर पूजन आदि किया। उन्होंने कहा कि पूर्व महाराजा मार्तंड सिंह ने सैनिक स्कूल रीवा में लाकर जो काम किया है, उसका परिणाम अब दिखने लगा है। यहां के वीर सपूत देश में बड़े-बड़े पदों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने विंध्य में पर्यटन की बढ़ती सम्भावनाओं पर भी चर्चा की। इस दौरान महेश प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राजेंद्र कुड़रिया, विक्रम सिंह, प्रमोद सिंह, अतुल जैन. गौरी सिंह, देवेंद्र सिंह सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।